दिनांक : 11.06.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों से की मुलाकात।**
- **सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होने की सम्भावना।**
- **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश में होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम।**
- **प्रदेश में सूरज के तेवर तीखे, 2 दिन और चलेगा लू और तेज गर्मी का दौर।**

अब समाचार विस्तार सेः-

**प्रधानमंत्री प्रतिनिधिमंडल बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में जिस प्रकार से पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद का सफाया करने की आवश्यकता के संबंध में भारत के विचारों को प्रस्तुत किया उस पर उन्हें गर्व है।
प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के 33 देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से कल मुलाकात की, जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से उन्होंने भारत की बात विश्व के समक्ष रखी है उस पर देश को गर्व है।

**'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना'**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार देश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भोपाल में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में देश एवं प्रदेश के 350 से अधिक निवेशकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। सभी के उत्साह का ही परिणाम है कि योजना में 20 हजार करोड़ से अधिक राशि का निवेश होना संभावित है। मुख्यमंत्री कल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मोहासा बाबई में नवकरणीय ऊर्जा के उपकरण निर्माण के लिए 22 इकाइयों का भूमि-पूजन किया जा चुका है इससे 24 हजार रोजगार सृजित होंगे। वर्ष 2025 तक प्रदेश के सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे। प्रदेश में इस योजना में 1900 सब-स्टेशनों पर 100 प्रतिशत क्षमता तक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जायेगा।

**सरकार के 11 साल**

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज सुनिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये गए प्रयासों की जानकारीः

**सरकार के 11 साल-हर्ष मल्होत्रा**

सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने नरेन्द्र मोदी सरकार के साहसिक निर्णय लेने और नागरिकों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। इनमें ईज एंड डूइंग बिजनेस इंडेक्स और अन्य वैश्विक रैंकिंग में भारत की महत्वपूर्ण छलांग शामिल है।

**अमृत हरित अभियान**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 13 जून को भोपाल के रवीन्द्र भवन में 'अमृत हरित अभियान' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

**रक्षा मंत्री-सिंदूर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी। देहरादून में एक कार्यक्रम में कल उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इस बात का सबूत है कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों के प्रति दृष्टिकोण बदलकर भारत के सुरक्षा तंत्र को बदल दिया है।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

प्रदेश में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंट डाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम "एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिये योग" रखी गई है।

**इंदौर हत्याकांड**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम और उसके चार अन्य साथियों को लेकर पुलिस शिलॉन्ग पहुंच गई है। आज आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि सोनम को कोर्ट ने 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर मेघालय पुलिस को सौंपा है। वहीं, उसके चार साथियों की 7 दिन की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की गई है।

**मौसम**

प्रदेश में सूरज के तेवर तीखे बने हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग के जिलों में लू और बाकी इलाकों में तेज गर्मी बनी रहेगी। 13 जून से फिर से बारिश का दौर शुरू हो सकता है। वहीँ, कल 28 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। नौगांव में सबसे ज्यादा 46 दशमलव 1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में भी पारा 43 दशमलव 4 डिग्री तक पहुँच गया। नर्मदापुरम, गुना, खजुराहो, टीकमगढ़ और सागर में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रहा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ रायसेन जिले के बरेली में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 13 जून को पहली बार आ रहे हैं। वे तिरंगा अभियान में शामिल होंगे।

ऽ गुना जिले में समस्त प्रकार के चारे,घास, भूसा, ज्वार के डंठल और पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे के निर्यात/परिवहन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है।

ऽ डिंडोरी में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

ऽ छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 7 लोगों को बेहतर उपचार के लिए एवं 2 अन्य हितग्राही को आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 5 लाख 55 हजार रुपए की स्वीकृत की गई है।

ऽ सतना में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां एवं जिला प्रशासन के सहयोग से सोहावल विकासखंड के ग्राम पंचायत माँद के श्याम गौशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ऽ बैतूल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत आज विकासखंड आठनेर, प्रभातपट्टन, शाहपुर, चिचोली में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

-------